# प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की करेंगे स्थापना : डॉ. यादव



**भोपाल (काप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की स्थापना की जाएगी। सोयाबीन की फसल के साथ ज्वार, बाजरा, मक्का की फसलों को भी प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के द्वारा खाद, बीज, कृषि उपकरण, मिट्टी परीक्षण के साथ विभिन्न प्रकार की जानकारी एक ही जगह उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री मनोज गुप्ता ने 4 करोड़ 27 लाख के लाभांश का चेक भेंट किया।

बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा 5 ऑइल मिल की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश में 235 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय नवाचार प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। एक जिला-एक उत्पाद अंतर्गत नवीन सहकारी समितियों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी बैंको को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए योजना तैयार करें।

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ के कार्यों और मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ की विभिन्न लेनदारियों के संबंध में बैठक में चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि अपेक्स बैंक में राज्य शासन द्वारा 142 करोड़ रुपए की अंशपूंजी निवेशित की है। बैंक में आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। प्रदेश की 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोर बैंकिंग सोल्यूशन प्रणाली पर कार्यरत हैं। अपेक्स बैंक को 131.83 करोड़ का संचित लाभ हुआ है। अपेक्स बैंक द्वारा राज्य शासन को विगत 4 वर्ष में 12 करोड़ 10 लाख रुपए राशि का लाभांश दिया है। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम अच्छे ढंग से कराए जा रहे हैं। बुरहानपुर और खरगोन में शक्कर कारखाने कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सिंचाई परियोजनाओं का लाभ अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों को समय पर और सही ढंग से पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंत्रालय में नर्मदा नियंत्रण मंडल की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।


# प्रदेश में शूट होगी तिकड़म 2- : अमित सियाल



**भोपाल (काप्र)।** फिल्म डायरेक्टर विवेक आंचलिया और अभिनेता अमित सियाल ने कहा कि मध्यप्रदेश में अगली फिल्म और तिकड़म 2 की शूटिंग की जायेगी। इसमें मध्यप्रदेश के स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जायेगा।

यह बात दोनो फिल्मी हस्तियों ने एक्सपर्ट शॉट्स 4.0 में फिल्म और थिएटर से जुड़े कलाकार और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए फिल्म के क्षेत्र में कैरियर बनाने में मार्गदर्शन देते हुए कही। एमपी टूरिज्म द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में 'द एक्सपर्ट शॉट' का चौथे संस्करण में विद्यार्थियों ने एक्टिंग और डायरेक्शन के गुर सीखे। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटन और संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में क्रिएटिव इकोनॉमी विकसित हो रही है और कंटेंट ही राजा है। यह एक नई विधा के रूप में उभरा है। वेबसरीज, ओटीटी और ऑनलाइन प्लेटफार्म ने इसे एक नई ऊंचाई दी है। मध्यप्रदेश में थिएटर और कलाकारों के हुनर को निखारने के लिए मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय संचालित किया जा रहा है। एक्टिंग के साथ फिल्म जगत से जुड़े स्क्रिप्ट राइटिंग, डायरेक्शन जैसे विभिन्न विधाओं के कोर्स भी संचालित किए जायेगे। इससे आने वाले समय में फिल्म जगत को नए सितारे मध्यप्रदेश से देखने को मिलेंगे।एक्टिंग में अभिनय नहीं सच्चाई दिखनी चाहिए- अभिनेता सियाल फिल्म एक्टर अमित सियाल ने विद्यार्थियों ने अपने अनुभव और संघर्ष को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक्टिंग में अभिनय नहीं सच्चाई दिखनी चाहिए। एक्टिंग करने का प्रेशर नहीं ले। सामान्य व्यवहार में अभिनय करें। अपने आप पर भरोसा रखे। यही भरोसा आपकी एक्टिंग को निखारने में काम आयेगा।

## संस्कृति, पर्यटन मंत्री से मिले अभिनेता अमित सयाल



*संस्कृति, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी से अभिनेता अमित सयाल ने उनके निवास पर भेंट की। उन्होंने मंत्री लोधी से मध्यप्रदेश में फ़िल्म शूटिंग के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की नैसर्गिक सुंदरता अद्भुत है और यहाँ फिल्मों के लिए बहुत ही उपयुक्त स्थान है। यहां की ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सुंदरता और अनुकूल वातावरण फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करता है। श्री स्याल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा फिल्म शूटिंग के लिए सिंगल विंडो अनुमति की व्यवस्था बहुत अच्छी है।*

# सरोगसी के लिए आवश्यक इंश्योरेंस की न्यूनतम सीमा अब 10 लाखः शुक्ल



भोपाल(काप्र)। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के अध्यक्षता में मंत्रालय में राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड की बैठक हुई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश में अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा की। राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टैक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड ने राज्य स्तर पर आवेदित सरोगसी प्रकरणों पर समुचित विचार कर यथोचित निर्णय लिया गया।

बोर्ड ने सरोगसी के लिये आवश्यक इंश्योरेंस की सीमा न्यूनतम 10 लाख रूपये नियत की गई। राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टैक्नोलॉजी एवं सरोगसी अधिनियम, 2021 के अंतर्गत राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टैक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड का गठन किया गया है। प्रदेश में उक्त अधिनियमों के अधीन वर्तमान स्थिति में 126 संस्थाओं ए.आर.टी. बैंक, एआरटी लेवल-1 क्लीनिक, एआरटी लेवल-2 क्लीनिक तथा सरोगसी क्लीनिक का पंजीयन किया गया है। बैठक में विस सदस्य श्रीमती रीति पाठक, श्रीमती प्रियंका मीणा, विवेक सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, अतिरिक्त सचिव शामिल रहे।

## नरोन्हा प्रशासन अकादमी में शैक्षिक संगोष्ठी आज

**भोपाल( काप्र )।** शिक्षक दिवस के मौके पर 4 सितम्बर को राजधानी के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक संगोष्ठी प्रातः 10 बजे आयोजित की जा रही है। शिक्षक दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 5 सितम्बर को अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होगा। शैक्षिक संगोष्ठी का विषय भारतीय परिदृश्य में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता तथा महत्व रखा गया है। राज्य स्तरीय ज्यूरी द्वारा राज्य स्तर की शैक्षिक संगोष्ठी से चयनित प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जायेगा।

## मंत्री टेटवाल छात्रों को वितरित करेंगे नियुक्ति -पत्र

**भोपाल( काप्र )।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल बुधवार को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क के सातवें बैच के छात्रों को नियुक्ति-पत्र वितरित करेंगे। संस्थान के सातवें बैच के छात्र अपना कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण कर प्रोफेशनल लाइफ में प्रवेश कर रहे है, पूर्व के बैच की तरह इस बैच में छात्रों ने अपने पसंद की कंपनियों मैं रोजगार प्राप्त किया है। कई छात्रों के पास एक से ज्यादा जॉब के ऑफर्स हैं। संस्था की शिक्षण गुणवत्ता के कारण विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों की कंपनियों से भी जॉब के अच्छे ऑफर्स मिल रहे हैं।

# राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल (काप्र)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिता पूनमचंद यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से फोन पर चर्चा कर शोक संवेदना प्रकट कर सांत्वना दी। राज्यपाल श्री पटेल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजन को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। श्री यादव के निधन पर मंत्रिमंडल के सदस्यों ने श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने डॉ. मोहन यादव के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पिता जीवन में एक वट वृक्ष की तरह होता है जिसकी छाया सदैव उसकी संततियों को संबल प्रदान करती है । स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने डॉ श्री यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है। सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण उद्यानकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने श्री यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव...

500 रुपए के नोटों की गड्डी निकालकर दे दी थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक नोट रखा और बाकी के सारे नोट लौटा दिए थे। पिता ने सीएम बेटे को ट्रैक्टर सुधारवाने का बिल थमा दिया था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शोक जताते हुए एक्स पर लिखा है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पूज्य पिताजी श्री पूनम चंद यादव के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। सिर से पिता का साया उठ जाना जीवन की अपूरणीय क्षति है। दुःख की इस विकट घड़ी में मेरी संवदेनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के पूज्य पिताजी श्री पूनम चंद जी यादव के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है।

### विकास को बढ़ावा...

जिलों से गुजरेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश के फल, सब्जी, कपास आदि का उत्पादन करने वाले जिले, औद्योगिक क्षेत्र सीधे तौर पर मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट से जुड़ जाएंगे। परियोजना के अंतर्गत 102 लाख मानव दिवस का रोजगार पैदा होगा तथा जनजातीय बहुल जिलों से गुजरने वाली यह रेल लाइन जनजातियों के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देगी। परियोजना के अंतर्गत कुल 34 रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें से 18 मध्यप्रदेश में और 16 महाराष्ट्र में होंगे। उन्होंने बताया कि कृषि, उद्योग, व्यापार आदि के विकास के साथ-साथ यह परियोजना धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। इस परियोजना के पूर्ण होने पर देश के तीन प्रमुख ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर, त्रयंबकेश्वर एवं घुष्मेश्वर रेल संपर्क द्वारा जुड़ जाएंगे। श्री वैष्णव ने बताया कि यह परियोजना 138 करोड़ किलो कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन रोकेगी जो कि 5.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज और कल का दिन मध्यप्रदेश के लिए आजादी के बाद सर्वाधिक खुशी देने वाले दिनों में से एक है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने सोमवार को इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन परियोजना को हरी झंडी दी। आदिवासी अंचल निमाड़, बड़वानी और धार जहां हम केवल सर्वे के लिए पैसा मांगते रहते थे, वहां अब रेलवे ट्रेक का सपना साकार होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में बहुत संभावनाएं बड़े पैमाने पर थी,लेकिन रेलवे ट्रेक के अभाव में आजादी के बाद से मालवा-निमाड़ और धार के कुछ क्षेत्रों में पलायन होता रहा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन परियोजना ने उज्जैन से मुंबई तक का रास्ता जोड़ा है और यह त्र्यंबकेश्वर से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग को जोड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मालवा-निमाड को एक बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का हमेशा से मध्यप्रदेश के प्रति लगाव रहा है। आज उसका परिणाम है कि मध्यप्रदेश के मालवा निमाड़ को महाराष्ट्र से जोड़ने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। इसके लिए हृदय से आभार और धन्यवाद व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि यह 18000 करोड़ की रेल की परियोजना मालवा -निमाड़ और महाराष्ट्र को जोड़ेगी, यह केवल रेल पथ नहीं है बल्कि मालवा निमाड के आदिवासियों के विकास का पथ है और इससे आर्थिक गलियारे के साथ धार्मिक कॉरिडोर भी विकसित होगा। इस क्षेत्र में आदिवासियों को विकास को गति इसके माध्यम से मिलेगी। इस परियोजना से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मालवा-निमाड़ के विकास को लेकर जो विजन है, वह पूर्ण होगा।

### रक्षा मंत्रालय ने...

होगी। सरकार ने एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है, जो हवाई लक्ष्यों का पता लगाएगा और उन्हें ट्रैक करेगा तथा फायरिंग समाधान प्रदान करेगा।

### बंगाल विधानसभा में...

दिया। और प्रधानमंत्री को सूचित किया। चुनाव से पहले जब न्याय संहिता विधेयक जल्दबाजी में पारित किया गया तो मैंने कहा था कि इसे जल्दबाजी में पारित नहीं किया जाना चाहिए, इसमें राज्यों से सलाह नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार इसका विरोध किया था क्योंकि इस संबंध में राज्यों से कोई सलाह नहीं ली गई थी, इसे राज्यसभा, विपक्ष और सभी दलों से चर्चा के बाद पारित किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसीलिए आज हम ये (बिल) ला रहे हैं। जब बीजेपी विधायकों ने उनके इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए, तो बंगाल की सीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि क्या होगा अगर मैं उन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ नारे लगाऊं, जिनके लिए आप मेरे खिलाफ नारे लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर असामान्य रूप से अधिक है, जबकि पश्चिम बंगाल में प्रताड़ित महिलाओं को अदालतों में न्याय मिल रहा है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीएनएस पारित करने से पहले पश्चिम बंगाल से परामर्श नहीं किया गया। ममता ने बताया कि यह विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि महिलाओं के उत्पीड़न और बलात्कार के मामलों में कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसमें पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों को और सख्त किया गया है। बलात्कारियों के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया गया है अगर उनके कृत्य से पीड़िता की मौत हो जाती है या उनके मस्तिष्क को गंभीर क्षति होती है। इसके तहत अपराजिता टास्क फोर्स बनेगी का गठन किया गया है, जिसमें प्रारंभिक रिपोर्ट के 21 दिनों के भीतर सजा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मैंने पहले ही स्वास्थ्य सचिव से कहा है कि जिन मार्गों पर नर्स और महिला डॉक्टर यात्रा करती हैं, उन्हें कवर किया जाना चाहिए, इसके लिए मैंने 120 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

# संस्कार विद्यालय में हुआ चालीसा पाठ



**भोपाल (हिनप्र)।** संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को सुबह प्रार्थना सभा में संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। इस मंगलवार को चालीसा के साथ देश भक्ति गीतों की समूह गान प्रतियोगिता में प्रथम आए विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव द्वारा प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में देश भक्ति गीत (राष्ट्रीय चेतना के स्वर) में प्रथम रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। चेलानी ने कहा कि संस्कार विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय चेतना के स्वर, देश भक्ति गीत में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनका सम्मान करने का उद्देश्य यह है कि विद्यालय के और भी विद्यार्थी इनसे प्रेरणा लेकर हर गतिविधि में आगे बढ़े और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम, एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकओं ने भी विद्यार्थियों को उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई-धर्म गुरुओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**भोपाल (हिनप्र)।** भाजपा की सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को चरितार्थ करते हुए मंगलवार को भोपाल के चारों धर्मगुरुओ ने ईदगाह हिल्स स्थित भोपाल गेट पर भाजपा की सदस्यता ली। साथ ही 100 फीट ऊंचा एयर बैलून हवा में छोड़ कर भोपालवासियों से आग्रह किया कि देशहित में बात करने वाली भाजपा के सदस्य बने एवं विकसित भारत के संकल्प में अपनी आहुति दे।

मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के निमित आज धर्मगुरूओ के ने सदस्यता ली है हम सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर इस अभियान को क्रियान्वित करेंगे एवं सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाएंगे।

इस अवसर पर सरोज आसेरी,विष्णु राजपूत, भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा, कैलाश हिरवे, राजकुमारी डागोर, मुकेश सोलंकी,संदीप कल्याणे, अतुल घेंघट, महेश, चंदू यादव, सिद्धार्थ जैन, प्रभात मालवीय सहित युवा साथी उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 19 से

**भोपाल (हिनप्र)।** सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर में 19 से 25 सितंबर तक पितृपक्ष पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास गुफा मंदिर धाम से वेदाचार्य अनिल रुद्रा तिवारी महाराज अष्टादश पुराण प्रवक्ता पितरों के लिए श्रीमद् भागवत सुनाएंगे। पूर्वजों के निमित्त पितृ देवताओं की आत्मा शांति बैकुंठ धाम प्राप्ति के लिए आयोजन किया जा रहा है। कथा के आमंत्रण पत्र का विमोचन चार सितंबर को किया जाएगा।

## बिजली उपभोक्ता अब उपाय एप के जरिए भी करा सकेंगे केवायसी

**भोपाल ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के बैंकों की तर्ज पर शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ देने के उद्देश्य से शुरू की गई केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 39 हजार 676 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कंपनी द्वारा की जा रही केवायसी प्रक्रिया से आमजन और बिजली उपभोक्ताओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# सांस्कृतिक प्रस्तुति में गुरूजनों की वंदना शिक्षक-शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान



**भोपाल (हिनप्र)।** शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी द्वारा संचालित केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल करोंद में शिक्षक दिवस मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से अवसर को बच्चों ने उत्सवी बनाया।

विद्यालय ऑडिटोरियम में परंपरागत तरीके से कार्यक्रम की शुरूआत हुई, मां भारती, मां शारदा, संत हिरदाराम साहिब और डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सिद्धभाऊजी, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर के.एस. राठौर, सोसायटी के सचिव घनश्याम बुलचंदानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी का अभिनंदन बच्चों ने स्वागत गीत, और प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने किया। बच्चों ने भाषण, नृत्य-नाटिका में गुरू की महिमा का बखान किया।

सिद्ध भाऊ ने कहा कि बच्चों को पाँच बातों का ध्यान रखना चाहिए। सुबह जल्दी उठना, अच्छी संगति, समय सारणी से पढ़ाई, गुरुजनों का सम्मान, स्वच्छ व ताजा पौष्टिक भोजन करना चाहिए। राठौर ने अकबर बीरबल की कहानी के माध्यम से बच्चों को गुरुओं का महत्व बताया। बूलचंदानी एवं गिरधानी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। छात्र करण प्रजापति ने आभार एवं संचालन धनंजय मिश्रा एवं उसैद खान ने किया।

**सर्वोत्कर्ष साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक डी.आर.बी. 806, दिनांक 17.12.1998)
क्रमांक2024/क्यू
दिनांक: 03.09.2024

**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सर्वोत्कर्ष साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 29.9.2024, दिन रविवार, समय दोपहर 12.00 बजे स्थान - सहयाद्री परिसर पार्क, भदभदा रोड, भोपाल पर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**श्रीमती रजनी थपलियाल,**
**अध्यक्ष, सर्वोत्कर्ष साख सहकारी संस्था मयादित, भोपाल**

1721

**सरनेम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम सपना अहिरवार पुत्री श्री प्रेमनाथ अहिरवार था लेकिन विवाह के उपरांत अब मेरा नाम सपना आनंद पत्नी श्री राहुल आनंद हो गया है। आज से मुझे मेरे सही नाम सपना आनंद पत्नी श्री राहुल आनंद के नाम से जाना व पहचाना जावे। पता- ए.डी. 109, सागर पर्ल कालोनी, शनि मंदिर के पास, नर्मदापुरम रोड भोपाल (म.प्र.)

1723

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सोमेश्वर कृष्ण क्षिरसागर SOMESHWAR KRISHNA KSHIRSAGAR है। जिसे बदलकर मैने अपना नया नाम सोमेश्वर कृष्ण क्षिरसागर SOMESHWAAR KRISHNA KSHIRSAGAR आत्मज श्री कृष्ण रामचन्द्र क्षिरसागर SOMESHWAAR KRISHNA KSHIRSAGAR रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे नए नाम सोमेश्वर कृष्ण क्षिरसागर (SOMESHWAR KRISHNA KSHIRSAGAR) के नाम से जाना व पहचाना व पढ़ा जाये सो विदित होवे।

**पुराना नाम** सोमेश्वर कृष्ण क्षिरसागर SOMESHWAR KRISHNA KSHIRSAGAR

**नया नाम** सोमेश्वर कृष्ण क्षिरसागर SOMESHWAAR KRISHNA KSHIRSAGAR

पुत्र श्री कृष्ण रामचन्द्र क्षिरसागर पता- फ्लैट नं. ए-4-309 नीलकंठ आकृति ग्रीन सलैया बावड़िया कलां तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. पिन कोड 462026

1722